नोट: 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए है।

प्रश्न 1 निम्नलिखित 6 प्रश्नों में से किन्हीं 4 के लघु उत्तर लिखिए। (16)

1. भाषा चिर परिवर्तनशील है - स्पष्ट कीजिए।
2. अनुकरण की अपूर्णता के कारणों को सोदाहरण रेखांकित कीजिए।
3. वैदिक संस्कृत की विशेषताएं बताइए।
4. प्राकृत भाषा की व्युत्पत्ति से संबंधित विद्वानों के मत को स्पष्ट कीजिए।
5. गुजराती भाषा के साहित्यिक महत्त्व पर प्रकाश डालिए।
6. कन्नड़ शब्द की उत्पत्ति पर प्रकाश डालते हुए बोलियों के नाम बताइए।

प्रश्न 2 निम्नलिखित 6 प्रश्नों में से किन्हीं 4 के लघु उत्तर लिखिए। (16)

1. गढ़वाली से आपके आशय को स्पष्ट करते हुए उसके क्षेत्रों पर प्रकाश डालिए।
2. मारवाड़ी के क्षेत्र एवं उपबोलियों के नाम बताइए।
3. भोजपुरी के नामकरण पर प्रकाश डालते हुए उसके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालिए।
4. दक्खिनी हिंदी के रूपों को स्पष्ट कीजिए।
5. रेख्ता शब्द का अर्थ बताते हुए उसकी उत्पत्ति पर प्रकाश डालिए।
6. विदेशी भाषा शब्द समूह को सोदाहरण व्याख्यायित कीजिए।

प्रश्न 3 भाषा परिवर्तन के बाह्य कारणों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। (12)

अथवा

टिप्पणियाँ लिखिए। (6+6)

i लौकिक संस्कृत।

ii भाषा का स्वरूप।

प्रश्न 4 आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के विकास पर प्रकाश डालिए। (12)

अथवा

टिप्पणियाँ लिखिए। (6+6)

i अपभ्रंश।

ii तमिल एवं तेलुगु।

प्रश्न 5 पश्चिमी हिंदी की बोलियों के स्वरूप एवं महत्त्व को रेखांकित कीजिए। (12)

अथवा

टिप्पणियाँ लिखिए। (6+6)

i पूर्वी हिंदी।

ii बिहारी हिंदी।

प्रश्न 6 उर्दू भाषा के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए। (12)

अथवा

टिप्पणियाँ लिखिए। (6+6)

i हिंदुस्तानी।

ii भारतीय अनार्य भाषाओं के शब्द।